तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया

# मानेसर आईएमटी में तेंदुआ घुसने से मचा हड़कंप, 6 घंटे बाद रेस्क्यू

*वाइल्डलाइफ टीम को सुबह 8:00 बजे एक कंपनी के कर्मचारी से सूचना मिली थी कि एक तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा गया है। वन विभाग ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोपहर 2:00 बजे के आसपास 3 वर्ष के एक नर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। बाद में तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया।*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम के आईएमटी मानेसर क्षेत्र में शुक्रवार को एक खाली प्लॉट में घुसे तेंदुए को वन विभाग की टीम ने दोपहर तक काबू कर लिया। तेंदुए को देखने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया था। जानकारी के अनुसार, वाइल्डलाइफ टीम को सुबह 8:00 बजे एक कंपनी के कर्मचारी से सूचना मिली थी कि उन्होंने एक तेंदुए को सड़क पार करते हुए देखा है। वन विभाग और वाइल्डलाइफ की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोपहर 2:00 बजे के आसपास 3 वर्ष के एक नर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया। बाद में तेंदुए को जंगल में छोड़ दिया गया।



### भड़ाना चौकः स्कूल के सीसीटीवी में दिखा तेंदुआ

**फरीदाबाद।** भड़ाना चौक स्थित निजी स्कूल के पास सीसीटीवी कैमरे में तेंदुआ दिखने की सूचना से हडक्रंप मच गया। लोगों में दहशत का माहौल बन गया। आसपास के तग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचित किया गया। रात करीब 12 बजे तक क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। लोग घरों में जानवर की तलाश करते रहे। लोगों ने बताया कि एक मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में एक जंगली जानवर बिल्ली पर हमला करते हुए नजर आ रहा था। लोगों के मुताबिक यह जानवर तेंदुए जैसा दिखाई दे रहा था।

### अरावली क्षेत्र में तेंदुओं के लिए सुरक्षित कॉरिडोर की मांग

तेंदुए की शुक्रवार को एक प्लॉट की दीवार फांदते हुए की एक वीडियो भी सामने आई थी। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम तैनात की थी, जिसने पिंजरे और अन्य उपकरणों के साथ तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने की कोशिश की। अधिकारियों ने स्थानीय लोगों को सतर्क रहने और प्रभावित क्षेत्र से दूरी बनाए रखने की सलाह दी थी। इसके अलावा, आसपास के इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई थी ताकि तेंदुए के मूवमेंट पर नजर रखी जा सके। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर चिंता का माहौल था, खासकर उन परिवारों में जो खुले प्लॉट्स के आसपास रहते हैं। कुछ लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि अरावली क्षेत्र में तेंदुओं के लिए सुरक्षित कॉरिडोर बनाए जाएं ताकि वन्यजीव और मानव के बीच टकराव को कम किया जा सके।

*वर्ष 2000 के दशक के बाद भूपेंद्र सिंह हुड्डा के इशारे पर चले प्रदेश अध्यक्ष लीक तोड़ने पर अशोक तंवर को छोड़ने पड़े पार्टी और पद*

# कांटों भरा साबित होगा राव नरेंद्र सिंह का ताज कांग्रेस की गुटबाजी से निपटना नहीं आसान

***राव को अपने ही अहीरवाल क्षेत्र में पार्टी के नाराज नेताओं को मनाने की राह भी आसान नहीं होगी***

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी


फूलचंद मुलाना।


अशोक तंवर।


कुमारी सैलजा।


राव नरेंद्र सिंह।

प्रदेश की सत्ता पर काबिज होने के लिए वाया दक्षिणी हरियाणा निकलने की नीति पर कांग्रेस ने कदम आगे तो बढ़ा दिए हैं, परंतु इस क्षेत्र से बनाए गए ओबीसी प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के लिए ताज कांटों भरा साबित हो सकता है। उन्हें एक साथ कई मोर्चों पर लड़ते हुए पार्टी की गुटबाजी दूर करने की दिशा में पूरी ताकत लगानी पड़ेगी। पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा व कुमारी सैलजा गुट को एक मंच पर लाने की चुनौती सबसे बड़ी होगी। राव को अपने ही अहीरवाल क्षेत्र में पार्टी के नाराज नेताओं को मनाने की राह भी आसान नहीं होगी। राव को प्रदेशाध्यक्ष की कमान सौंपने के बाद अहीरवाल के ही कद्दावर नेता पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव नाराजगी जाहिर कर चुके हैं। यह बात और है कि दक्षिणी हरियाणा के सबसे वरिष्ठ नेता के विरोध को मजबूती प्रदान करने में उनके साथ क्षेत्र का दूसरा कोई प्रभावी नेता साथ खड़ा नहीं हो रहा।

### नारनौल में भी एक खेमा नरेंद्र की ताजपोशी से खुश नहीं

नारनौल में भी कांग्रेस का एक खेमा नरेंद्र की ताजपोशी को लेकर खुश नहीं है। यह हालात अभी सिर्फ दक्षिणी हरियाणा में देखने को मिल रहे हैं। राव के कंधों पर पूरे प्रदेश में संगठन को मजबूती देने की चुनौती है, जिससे निपटना इतना आसान नजर नहीं आ रहा है। वर्ष 2005 में प्रदेश की सत्ता संभालने वाले भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दो साल बाद ही प्रदेशाध्यक्ष की कुर्सी पर अपने चहेते फूलचंद मुलाना के नाम कराई थी। मुलाना का कार्यकाल पूरी तरह सफल माना जा सकता है। हुड्डा के इशारे पर ही मुलाना ने पूरे प्रदेश में संगठन भंग कर दिया था, जिससे नए सिरे से खड़ा करने में शीर्ष नेताओं को पूरा जोर लगाना पड़ रहा है।

### हुड्डा से जंग में अशोक तंवर का सरेंडर

वर्ष 2014 में फूलचंद मुलाना के बाद प्रदेश कांग्रेस की बागडौर संभालने वाले अशोक तंवर ने पार्टी में खुद को ताकतवर साबित करने पर पूरा जोर लगा दिया था। वह हुड्डा के इशारे पर संगठनात्मक फैसले लेने की बजाय अपने विवेक से कार्य करते रहे, जिससे हुड्डा का टारगेट बन गए। हालात इतने तनावपूर्ण हुए कि कुछ मौकों पर हुड्डा समर्थकों और तंवर के बीच हाथापाई की नौबत तक आ गई थी। तंवर ने प्रदेश में नए सिरे से संगठन खड़ा करने के प्रयास शुरू किए थे, परंतु हुड्डा की मर्जी के खिलाफ वह इस काम को मुकाम तक नहीं पहुंचा सके थे। आखिरकार तंवर को पार्टी और अध्यक्ष पद दोनों से विदाई लेनी पड़ गई थी।

**मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर किया फ्रॉड**

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 9.72 करोड़ की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के बदले मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर लगभग 9.72 करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। पीथनवास निवासी जयकृष्ण आभीर ने 22 सितंबर को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि उसके पास 24 अगस्त को व्हाट्स एप पर मैसेज आया था, जिसमें शेयर मार्केट में पैसा निवेश करने के बदले मोटा मुनाफा कमाने की बात लिखी हुई थी। इसके बाद उसकी व्हाट्स एप पर चैटिंग शुरू हो गई। चैट के दौरान भी उसे पैसा निवेश करने पर अच्छा मुनाफा मिलने का आश्वासन दिया गया। जब वह पैसा निवेश करने के लिए सहमत हो गया, तो उसके फोन पर लिंक भेजकर एक एप डाउनलोड कराई गई। उनके बताए गए नंबरों पर उसने 24 अगस्त को अपने खाते से पैसे ट्रांसफर किए तो एप पर उसे ज्यादा मुनाफा होना दर्शाया गया। इसके बाद वह लगातार 20 सितंबर तक पैसे ट्रांसफर करता रहा।


**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में आरोपी अजय ओमपाल। फोटो : हरिभूमि

**गोलियों की आवाज से दहशत**

## नौसेना के जवान ने की फायरिंग दहशत में आए मनेठी के लोग

**रेवाड़ी।** मनेठी गांव में शुक्रवार सुबह नौसेना के एक जवान ने पड़ौसी के घर के सामने फायरिंग शुरू कर दी। गोलियों की आवाज से गांव में दहशत का माहौल बन बन गया। पुलिस ने सूचना मिलने के मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। भारतीय नौसेन में तैनात मनेठी निवासी अनूप इस समय छुट्टी लेकर घर आया हुआ है। शुक्रवार सुबह वह पड़ोस में रहने वाले बिल्लू के मकान के पास गया। वहां उसने पिस्टल से गोलियां चलाना शुरू कर दिया। उसने एक के बाद एक चार हवाई फायर किए। गोलियों की आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे, तो अनूप अपने घर में घुस गया। गांव के लोग फायरिंग से सहम गए।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

**टोहाना में दर्दनाक हादसा**

## नहाने गया 12 वर्षीय बालक डूबा, शव 1 घंटे बाद मिला

**फतेहाबाद।** टोहाना के जैन समाधि वाली नहर में शुक्रवार को दर्दनाक हादसा हो गया। 12 वर्षीय एक बालक नहर में नहा रहा था कि अचानक गहरे पानी में जाते वक्त उसकी सांस रुक गई और वह नहर में डूब गया। घटना की सूचना वहां से गुजर रहे राहगीर लोगों ने तुरंत रेस्क्यू टीम प्रमुख नवजोत सिंह ढिल्लों को दी। सूचना मिलते ही नवजोत सिंह ढिल्लों के टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और स्थानीय राहगीरों की मदद से बच्चे की तलाश शुरू की। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे का शव योग आश्रम के पुल के नीचे फंसा मिला। टीम सदस्यों और परिजनों की मदद से शव को बाहर निकाला गया और अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश निवासी बलराज के रूप में हुई है। बलराज बुधवार एक अक्टूबर को अपने मामा वीरू के घर टोहाना आया था।

**बलराज बुधवार को अपने मामा वीरू के घर टोहाना आया था**

**यूपी के किसानों पर जबरन बुवाई का आरोप**

## हरियाणा और उत्तर प्रदेश के किसानों के बीच तनातनी

**फरीदाबाद।** यमुना नदी में आई बाढ़ के बाद, उत्तर प्रदेश और हरियाणा के किसानों के बीच बुवाई को लेकर एक बार फिर विवाद छिड़ गया है। उत्तर प्रदेश के किसान हरियाणा के किसानों की जमीन पर ट्रैक्टर और हथियारों के बल पर जबरन खेती कर रहे हैं। हरियाणा के किसानों ने उत्तर प्रदेश के किसानों को बुवाई करने से मना किया, लेकिन वे नहीं माने। हरियाणा के मंझावली गांव के किसान मुकेश यादव ने तिगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर प्रदेश के किसानों में दनकौर निवासी ईश्वर सिंह, अट्टा गुजरान निवासी अंतीए संती उर्फ संतराम पुत्र चांदी, सुक्की, संतराम पुत्र फत्तन और बिट्टू शामिल हैं। यह जमीन 2022 से खाली है और धारा 145 के तहत कुर्क की गई है। ये लोग कानून.व्यवस्था बिगाडऩे और शांति भंग करने की कोशिश कर रहे हैं। हरियाणा के किसान मुकेश यादव ने कहा है कि अगर हरियाणा पुलिस उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं करती है, तो उन्हें अपने अधिकारों की रक्षा के लिए हथियार उठाने पर मजबूर होना पड़ेगा।


RERA No. RC/REP/HARERA/GGM/786/518/2024/13 Dated: 12.02.2024
http://haryanarera.gov.in/view_project/project_preview_open_2642

दीनदयाल जन आवास योजना

# दीन दयाल जन आवास योजना अफोर्डेबल प्लॉट्स

(हरियाणा सरकार की अफोर्डेबल प्लॉटेड हाउसिंग नीति, 2016 के तहत)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि LykeHomes Avenue सेक्टर 3, फरूखनगर, गुरूग्राम, हरियाणा में दीन दयाल जन आवास योजना के तहत आवास भूखंड (हरियाणा सरकार की किफायती प्लॉटेड कॉलोनी DDJAY-2016 के तहत) पंजीकरण के लिए खुली हैं विवरण वेबसाइट www.ddjayplot.co.in पर उपलब्ध है




SCAN TO APPLY

www.ddjayplot.co.in

आवेदन की अंतिम तिथि: 06-10-2025 आवंटन की तिथि: 08-10-2025 आवेदन करने के लिए के ₹21,000 का भुगतान करें (100% रिफंडेबल)

| Type | Area (Sq. Meter) | Area (Sq. Yards) | Rate Per Square Yard | Registration Amount (Refundable) | 10% at the time of Booking | 40% within 30 days from the signing of Agreement for Sale (Bank Loan Available) | 50% on offer of Possession (Bank Loan Available) | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| F | 73.548 | 87.963 | ₹74750 | ₹21000 | ₹657523 | ₹2630094 | ₹3287617 | ₹6575234 |
| C | 102.377 | 122.443 | ₹74750 | ₹21000 | ₹915261 | ₹3661046 | ₹4576307 | ₹9152614 |
| G | 109.892 | 131.431 | ₹74750 | ₹21000 | ₹982447 | ₹3929787 | ₹4912234 | ₹9824467 |
| B | 119.556 | 142.989 | ₹74750 | ₹21000 | ₹1068843 | ₹4275371 | ₹5344214 | ₹10688428 |
| H | 130.662 | 156.272 | ₹74750 | ₹21000 | ₹1168133 | ₹4672533 | ₹5840666 | ₹11681332 |
| E | 137.18 | 164.067 | ₹74750 | ₹21000 | ₹1226401 | ₹4905603 | ₹6132004 | ₹12264008 |

**30% Plots Reserved for Females & Government Employees**

Key Highlights:
1. Adjacent to Reserved Green Forest – Live with Nature, Live with Green.
2. Excellent Connectivity to Major Highways – KMP, Delhi–Jaipur Super Expressway & Dwarka Expressway within just 5–15 minutes.
3. Well Connected to **Reliance Model Economic Township**
4. Gated Community with Security.
5. 24×7 CCTV Surveillance.
6. Lush Green Landscapes, Kids Play Area & Parks with modern aminities.

Builder Buyer Agreement will be on receiving of 10% Booking Amount

Official RERA Website for the project is www.lykehomes.co.in

इस वेबसाइट पर जाकर आवेदन करें: www.ddjayplot.co.in

हेल्पलाइन: +91 9403892541, ई-मेल: support@ddjayplot.co.in

Diwali Offer Get 10gm Gold Coin on instant booking

80% तक बैंक ऋण उपलब्ध* SBI HDFC BANK AXIS BANK

